भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 390
मंगलवार, 21 जुलाई, 2026/30 आषाढ़, 1948 (शक) को उत्तरार्थ

सहकारी प्रबंधन संस्थानों का वित्तपोषण और सुदृढ़ीकरण

†390. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान नटेसन सहकारी प्रबंधन संस्थान (एनआईसीएम) सहित सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों को प्रदान की गई वित्तीय और संस्थागत सहायता की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) संस्वीकृत सहायता अनुदान, अवसंरचना वित्तपोषण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का सहकारी क्षेत्र में सुधारों को ध्यान में रखते हुए वित्तपोषण में वृद्धि करने और पाठ्यक्रम का आधुनिकीकरण करने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जी हां, मान्यवर । नटेसन सहकारी प्रबंध संस्थान (एनआईसीएम) सहित सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों को प्रदान की जा रही वित्तीय और संस्थागत सहायता की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ।

(ख) विगत पांच वर्ष के दौरान राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) को प्रदत्त अनुदान सहायता और संचालित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वर्ष-वार ब्योरा क्रमश: **संलग्नक-I** और **संलग्नक-II** पर दिया गया है । इसके अतिरिक्त, एनसीसीटी को विगत पांच वर्षों के दौरान अवसंरचना वित्तपोषण के लिए 5.389 करोड़ रुपये (वित्तीय वर्ष 2022-23 में) की राशि जारी की गई थी ।

(ग) जी हां, मान्यवर । सहकारी क्षेत्र की उभरती अपेक्षाओं के अनुरूप सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण के लिए उपाय किए गए हैं ।

*****

संलग्नक – I

विगत पांच वर्षों के दौरान सहकारिता मंत्रालय द्वारा एनसीसीटी को जारी अनुदान सहायता

(लाख रुपये)

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	धनराशि
1	2021-22	5382.50
2	2022-23	4400
3	2023-24	4421.82
4	2024-25	4670
5	2025-26	4783.34
कुल		**23657.66**

नोट: एनसीसीटी द्वारा उपर्युक्त समस्त अनुदान सहायता का पूर्णत: उपयोग किया गया ।

संलग्नक– II

विगत पांच वर्ष, अर्थात् वर्ष 2021-26 के दौरान एनसीसीटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्योरा		
क्रम सं.	**वित्तीय वर्ष**	**संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या**
1	2021-22	1,598
2	2022-23	3,287
3	2023-24	3,759
4	2024-25	4,389
5	2025-26	4,676
कुल		**17,709**

*****